# PAPER-II
# LABOUR WELFARE AND INDUSTRIAL RELATIONS

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________
2. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.____________________
(In words)

**D 5 5 1 3**

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

## LABOUR WELFARE AND INDUSTRIAL RELATIONS
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. Attempt **all** the questions.

**1.** Match the following :

| **Thinker** | **Principles** |
|---|---|
| a. Mary Parker Follett | i. Co-ordination |
| b. Henry Fayol | ii. Elements of Management |
| c. F.W. Taylor | iii. Scientific methods |
| d. Gilbreth and Taylor | iv. Quantitative measurement |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | iv | ii | i | iii |
| (D) | ii | iv | iii | i |

**2.** Which one of the following is not the characteristic of planning ?

(A) It deals with future
(B) It involves selection of particular course of action
(C) It is pervasive
(D) It is not strategic

**3.** Premature evaluation is a type of

(A) semantic barrier
(B) psychological barrier
(C) organisational barrier
(D) personal barrier

**4.** Which of the following is not a feature of systems approach ?

(A) A system is a combination of parts
(B) Parts and sub-parts are related to one another
(C) It is not necessary for a system to have a boundary
(D) System transforms inputs into outputs

**5.** Which of the following organisations is a two-dimensional structure ?

(A) Functional structure
(B) Matrix structure
(C) Line structure
(D) Divisional structure

**6.** Job description includes information about

(A) Job responsibilities, duties and working conditions.
(B) Job responsibilities, duties and worth in terms of wage and salary.
(C) Job responsibilities and qualifications for performance.
(D) Job responsibilities, duties and qualifications for performance.

**7.** Differentiation between line and staff functions is necessary because it helps in

(A) providing specialized services.
(B) maintaining adequate checks and balances.
(C) maintaining accountability.
(D) All the above.

**8.** Which of the following refers to analysis of handwriting to determine writer's basic personality traits ?

(A) Kinesics
(B) Graphology
(C) Polygraphy
(D) Both (B) and (C)

## श्रमिक कल्याण एवं औद्योगिक सम्बन्ध

**प्रश्नपत्र – II**

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| **विचारक** | **सिद्धांत** |
|---|---|
| a. मेरी पार्कर फोलेट | i. समन्वयन |
| b. हेनरी फेयोल | ii. प्रबंधन के तत्त्व |
| c. एफ. डब्ल्यू टेलर | iii. वैज्ञानिक विधियाँ |
| d. गिल्बर्थ एण्ड टेलर | iv. परिमाणात्मक मापन |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | iv | ii | i | iii |
| (D) | ii | iv | iii | i |

**2.** निम्नलिखित में से कौन सा नियोजन का एक अभिलक्षण नहीं है ?

(A) इसका संबंध भविष्य से है ।

(B) इसमें एक निश्चित कार्य पद्धति निहित है ।

(C) यह व्याप्त होता है ।

(D) यह रणनीतिपरक नहीं होता ।

**3.** समयपूर्व मूल्यांकन निम्नलिखित में से किसका एक प्रकार है ?

(A) शब्दार्थ विषयक अवरोध

(B) मनोवैज्ञानिक अवरोध

(C) संगठनात्मक अवरोध

(D) वैयक्तिक अवरोध

**4.** निम्नलिखित में से कौन सा प्रणाली उपागम (सिस्टम्स अप्रोच) की एक विशिष्टता नहीं है ?

(A) एक प्रणाली अंगों का सम्मिलन है ।

(B) अंग एवं उपांग परस्पर सम्बद्ध होते हैं ।

(C) किसी सीमा के दायरे में रहना प्रणाली के लिए आवश्यक नहीं है ।

(D) प्रणाली इनपुट को आउटपुट में रूपांतरित करती है ।

**5.** निम्नलिखित में से कौन सा संगठन एक द्वि-आयामी संरचना है ?

(A) प्रकार्यात्मक संरचना

(B) मेट्रिक्स संरचना

(C) रेखा संरचना

(D) विभागीय संरचना

**6.** कार्य विवरण में निम्नलिखित में से किससे संबंधित सूचना सम्मिलित होती है ?

(A) कार्य दायित्व, कर्त्तव्य तथा कार्य परिस्थितियाँ

(B) कार्य दायित्व, कर्त्तव्य तथा मज़दूरी एवं वेतन के परिप्रेक्ष्य में उनकी मूल्यवत्ता

(C) कार्य दायित्व तथा कार्य निष्पादन के लिए अपेक्षित योग्यताएँ

(D) कार्य दायित्व, कर्त्तव्य तथा कार्य निष्पादन के लिए अपेक्षित योग्यताएँ

**7.** लाइन तथा स्टाफ कार्यों के बीच अंतर करना आवश्यक है क्योंकि इससे ________ में सहायता मिलती है ।

(A) विशेषीकृत सेवाएँ प्रदान करना ।

(B) पर्याप्त जाँच एवं संतुलन बनाए रखना ।

(C) जवाबदेही निश्चित करना ।

(D) उपर्युक्त सभी ।

**8.** निम्नलिखित में से कौन सा पद लेखक के व्यक्तित्व के बुनियादी विशेष-लक्षणों के निर्धारण के लिए हस्तलेख के विश्लेषण को संदर्भित करता है ?

(A) काइनेसिक्स

(B) ग्राफोलॉजी

(C) पोलीग्राफी

(D) (B) तथा (C) दोनों

**9.** The five basic features of Scanlon plan of incentive payment are

(A) control, individuality, competence, involvement and sharing of benefits.

(B) cooperation, identity, competence, involvement and sharing of benefits.

(C) control, individuality, commitment, involvement , and sharing of benefits.

(D) cooperation, identity, control, involvement and sharing of profits.

**10.** Which of the following is a process of systematically identifying, assessing and developing organisational leadership to enhance performance ?

(A) Manpower planning

(B) Career planning

(C) Succession planning

(D) Human Resource planning

**11.** Who is the profounder of the socio-psychological approach to Human Resource Development ?

(A) T.W. Schultz

(B) Lorraine Corner

(C) Lim Teck Ghee

(D) David McClelland

**12.** Read the following statements on HRD need analysis. Identify the one which is not true :

(A) HRD needs can be identified at strategic, organisational, operational, task and person levels

(B) HRD needs can be diagnostic, analytic, compliance oriented and proactive

(C) competency mapping, performance appraisal and clarity of career paths identify HRD needs at task level only

(D) Task related KSA analysis and training need analysis are integral part of HRD need analysis

**13.** **Assertion (A) :** Performance Appraisal cannot be error free and unbiased.

**Reason (R) :** The Appraisal Methods are covertly influenced by human judgement which may be vitiated by inter-personal discriminatory impulses.

(A) Assertion (A) is right, Reason (R) is wrong.

(B) Assertion (A) is wrong, Reason (R) is right.

(C) Reason (R) does not subscribe to the Assertion (A).

(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are right, and Reason (R) validate Assertion (A).

**14.** Match the following theories of career planning with their propagators :

| **Theories of Career Planning** | **Propagators** |
|---|---|
| a. Career Anchor Model | i. John Holland |
| b. Career Path Model | ii. D.T. Hall |
| c. Career Choice Model | iii. Edgar Schien |
| d. A Career Stages Model | iv. Mondy, Noe and Premeanx |

**Codes:**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | iv |
| (B) | iii | ii | iv | i |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | ii | iv | iii | i |

**15.** When Human Relations training is given to managers the method adopted is :

(A) In-Basket Exercise

(B) Role-play method

(C) Managerial Grid Training

(D) Sensitivity Training

**16.** When team-building can be attempted by creating artificial teams in which people get opportunity to experiment and learn from their behaviour in a less threatening context, it is based on :

(A) Behaviour Modification Approach

(B) Action Research Approach

(C) Simulation Approach

(D) Team Role Approach

**9.** प्रोत्साहन राशि हेतु स्कैनलोन की योजना (स्कैनलोन प्लान ऑफ इंसेटिव पेमेंट) की पाँच आधारभूत विशेषताएँ निम्नलिखित में से कौन सी हैं ?

(A) नियंत्रण, व्यष्टित्व, सक्षमता, संलिप्तता तथा लाभ में साझेदारी

(B) सहयोग, पहचान, सक्षमता, संलिप्तता तथा लाभ में साझेदारी

(C) नियंत्रण, व्यष्टित्व, प्रतिबद्धता, संलिप्तता तथा लाभ में साझेदारी

(D) सहयोग, पहचान, नियंत्रण, संलिप्तता तथा लाभ में साझेदारी

**10.** कार्य निष्पादन को बेहतर बनाने हेतु संगठनात्मक नेतृत्व की पहचान, आकलन तथा विकास की प्रक्रिया निम्नलिखित में से कौन सी है ?

(A) जनशक्ति नियोजन

(B) जीविका नियोजन

(C) अनुक्रमण नियोजन

(D) मानव संसाधन नियोजन

**11.** मानव संसाधन विकास के प्रति सामाजिक-वैज्ञानिक उपागम का प्रतिपादक कौन है ?

(A) टी.डब्ल्यू. शूल्ज (B) लॉरेन कार्नर

(C) लिम टेक घी (D) डेविड मैक्लिलैंड

**12.** एच.आर.डी. आवश्यकता विश्लेषण पर निम्नलिखित वक्तव्यों को पढ़िए तथा बतलाइए कि कौन सा सही नहीं है ?

(A) एच.आर.डी. आवश्यकताओं की पहचान रणनीतिक, संगठनात्मक, संक्रियात्मक, प्रदत्त कार्य तथा व्यक्ति के स्तर पर की जा सकती है ।

(B) एच.आर.डी. आवश्यकताएँ निदानात्मक, विश्लेषणात्मक, अनुपालन-उन्मुख तथा अग्रलक्षी होती हैं ।

(C) सक्षमता आकलन, कार्य निष्पादन मूल्यांकन तथा जीविका पथ की सुस्पष्टता एच.आर.डी. आवश्यकताओं की पहचान केवल टास्क (प्रदत्त कार्य) के स्तर पर करते हैं ।

(D) प्रदत्त कार्य से संबंधित के.एस.ए. विश्लेषण तथा प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण एच.आर.डी. आवश्यकता विश्लेषण के समाकलित भाग हैं ।

**13.** **अभिकथन (A) :** निष्पादन मूल्यांकन त्रुटिहीन तथा निष्पक्ष नहीं हो सकता ।

**कारण (R) :** मूल्यांकन की विधियाँ अंतर्वैयक्तिक पूर्वाग्रहपूर्ण आवेगों से दूषित मानव-निर्णय द्वारा प्रभावित होती हैं ।

(A) अभिकथन (A) सही है कारण (R) गलत है ।

(B) अभिकथन (A) गलत है और कारण (R) सही है ।

(C) कारण (R), अभिकथन (A) से सहमति व्यक्त नहीं करता ।

(D) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं; तथा कारण (R), अभिकथन (A) को सत्यापित करता है ।

**14.** जीविका नियोजन के निम्नलिखित सिद्धांतों और उनके प्रचारकों को सुमेलित कीजिए :

| **जीविका नियोजन के सिद्धांत** | **प्रचारक** |
|---|---|
| a. करिअर ऐंकर मॉडल | i. जॉन हॉलैण्ड |
| b. करिअर पाथ मॉडल | ii. डी.टी. हॉल |
| c. करिअर च्वायस मॉडल | iii. एडगर शीन |
| d. करिअर स्टेजेज मॉडल | iv. मोंडी, नो तथा प्रीमींक्स |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | iv |
| (B) | iii | ii | iv | i |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | ii | iv | iii | i |

**15.** प्रबन्धकों को मानव संबंध प्रशिक्षण देते समय निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग किया जाता है ?

(A) इन-बास्केट एक्सरसाइज

(B) रोल-प्ले मेथड

(C) मैनेजेरियल ग्रिड ट्रेनिंग

(D) सेंसिटिविटी ट्रेनिंग

**16.** कृत्रिम दलों – जिनमें लोगों को कम आशंकित करने वाले संदर्भ में प्रयोग करने और सीखने का अवसर मिलता है – के निर्माण द्वारा दल निर्माण के प्रयास किस पर आधारित होते हैं ?

(A) व्यवहार संशोधन उपागम

(B) क्रियानिष्ठ अनुसंधान

(C) अनुरूपण उपागम

(D) दल भूमिका उपागम

**17.** Match the Themes with the respective approaches :

| Approaches | Themes |
|---|---|
| a. Socio-technical system approach | i. Appropriate managerial behaviour depends on elements of the situation |
| b. Democratic approach | ii. employees' attitudes influence their perception of work and their work experiences shape their attitudes |
| c. Contingency approach | iii. Technology greatly influences organisational culture and structure which influence the attitude towards work. |
| d. Interactional approach | iv. Involvement and empowerment of workers improve productivity |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | iv | ii |
| (B) | iii | iv | ii | i |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | iii | ii | iv | i |

**18.** Who has extended the Vroom's Expectancy Theory of Motivation by suggesting that motivation is not equal to satisfaction and performance and by depicting what happens after performance ?

(A) Harold Kelly
(B) Edward Tolman
(C) Alderfer
(D) Porter and Lawler

**19.** Which of the following is an invisible part but a powerful template that shapes, what happens at the workplace ?

(A) Organisational culture
(B) Organisational climate
(C) Organisational dynamics
(D) Organisational structure

**20.** Match the following :

| Needs | Refers to |
|---|---|
| a. Intrinsic | i. Recognition by boss |
| b. Extrinsic | ii. Regular salary |
| c. Expressed | iii. Self initiative |
| d. Wanted | iv. Expecting others to initiate |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | i | ii |
| (B) | i | iv | iii | ii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iii | ii | iv | i |

**21.** The trusteeship approach to industrial relations was advocated by :

(A) Karl Marx
(B) Max Weber
(C) Allan Flanders
(D) Mahatma Gandhi

**22.** Which of the following is a machinery for the settlement of Industrial Disputes in India ?

(A) National Commission on Labour
(B) Wage Board
(C) Industrial Tribunal
(D) Standing Labour Committee

**23.** In which year, the International Institute of Labour studies was established ?

(A) 1919 (B) 1926
(C) 1950 (D) 1960

**24.** Match the following Acts/Code with the provisions :

| Acts/Code | Provision |
|---|---|
| a. The Trade Unions Act | i. Retrenched and protected workmen |
| b. The code of Discipline | ii. Collection of political forms |
| c. The Industrial Disputes Act | iii. Recognition of Unions |
| d. The Model standing orders under the Central Industrial Employment (standing orders) Rules. | iv. Disciplinary action for misconduct |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | iv |
| (B) | i | iii | iv | ii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | ii | iv | i | iii |

**17.** प्रतिपाद्य तथा उपागम को सुमेलित कीजिए :

| **उपागम** | **प्रतिपाद्य** |
|---|---|
| a. सामाजिक तकनीकी प्रणाली उपागम | i. समुचित प्रबंधकीय व्यवहार स्थिति के तत्त्वों पर निर्भर है । |
| b. लोकतांत्रिक उपागम | ii. कर्मचारियों की अभिवृत्ति उनके कार्यबोध को प्रभावित करती है तथा उनके कार्यानुभव उनकी अभिवृत्तियों (मानसिकता) को प्रभावित करते हैं । |
| c. आकस्मिकता उपागम | iii. प्रौद्योगिकी, संगठनात्मक संस्कृति और संरचना को अत्यधिक प्रभावित करती है, जो कार्य के प्रति मानसिकता को प्रभावित करती है । |
| d. अंतर्व्यवहार उपागम | iv. कामगारों की संलिप्तता तथा उनका सशक्तिकरण उत्पादकता को बढ़ाते हैं । |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | iv | ii |
| (B) | iii | iv | ii | i |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | iii | ii | iv | i |

**18.** यह सुझाव देकर कि अभिप्रेरण, संतुष्टि तथा निष्पादन के समतुल्य नहीं है तथा इसका वर्णन कर कि निष्पादन के बाद क्या होता है, निम्नलिखित में से किसने ब्रूम द्वारा प्रतिपादित अभिप्रेरण के प्रत्याशा-सिद्धांत को विस्तरित किया ?

(A) हैरोल्ड केली

(B) एडवार्ड टॉलमैन

(C) अल्डर्फर

(D) पोर्टर ऐण्ड लॉलर

**19.** निम्नलिखित में से कौन सा एक अदृश्य भाग है परन्तु एक सशक्त साँचा है जिसमें कार्यस्थल पर घटित होने वाली घटनाएँ आकार ग्रहण करती हैं ?

(A) संगठनात्मक संस्कृति

(B) संगठनात्मक परिवेश

(C) संगठनात्मक गतिकी

(D) संगठनात्मक संरचना

**20.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| **आवश्यकताएँ** | **संदर्भित करती हैं ।** |
|---|---|
| a. आंतरिक | i. बॉस द्वारा मान्यता |
| b. बाह्य | ii. नियमित वेतन |
| c. अभिव्यक्त | iii. स्व-पहल |
| d. वांछित | iv. दूसरों से पहल करने की आशा |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | i | ii |
| (B) | i | iv | iii | ii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iii | ii | iv | i |

**21.** औद्योगिक संबंध के प्रति न्यासिता उपागम का पक्षपोषक निम्नलिखित में से कौन था ?

(A) कार्ल मार्क्स (B) मैक्स वेबर

(C) एलेन फ्लैंडर्स (D) महात्मा गांधी

**22.** भारत में औद्योगिक विवाद का निपटारा निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया जाता है ?

(A) राष्ट्रीय श्रम आयोग

(B) मज़दूरी बोर्ड

(C) औद्योगिक ट्रिब्यूनल

(D) स्थायी श्रम समिति

**23.** इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लेबर स्टडीज़ की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?

(A) 1919 (B) 1926

(C) 1950 (D) 1960

**24.** निम्नलिखित अधिनियमों/संहिताओं तथा प्रावधानों को सुमेलित कीजिए :

| **अधिनियम/संहिता** | **प्रावधान** |
|---|---|
| a. व्यवसाय संघ / श्रमिक संघ अधिनियम | i. छँटनी किए गए तथा 'प्रोटेक्टेड' कामगार |
| b. दि कोड ऑफ डिसिप्लीन | ii. राजनीतिक कोष इकट्ठा करना |
| c. औद्योगिक विवाद अधिनियम | iii. संघों को मान्यता |
| d. दि मॉडल स्टैंडिंग ऑर्डर्स अन्डर दि सेंट्रल इंडस्ट्रियल इंप्लायमेंट (स्टैंडिंग ऑर्डर्स) रूल्स | iv. गलत आचरण के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | iv |
| (B) | i | iii | iv | ii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | ii | iv | i | iii |

**25.** Who advanced the concept of 'Three tier institutional structure' of Industrial Relations ?

(A) John T. Dunlop

(B) Allan Flanders

(C) Kochan, Katz & Mckersie

(D) Roy Adam

**26.** Which of the following is not a correct statement pertaining to the meaning of trade union ?

(A) It is a continuous association of wage earners for maintaining or improving the conditions of their working lives.

(B) It is a society of individuals in one or more professions for the purpose of protecting and advancing, members' economic interest.

(C) It is a combination with an objective of regulating the relation between workmen and workmen, workmen and employer, employer and employer

(D) It is any combination, whether temporary or permanent formed primarily for regulating relations between the two parties.

**27.** Who formed the Bombay Millhands Association ?

(A) Sorabjee Shaprujee Bengali

(B) Bal Gangadhar Tilak

(C) N.M. Lokhande

(D) V.V. Giri

**28.** In which country the trade union movement began with industrial unions ?

(A) Great Britain (B) U.S.A.

(C) India (D) Canada

**29.** Which one is not a right of a recognized union ?

(A) A right of 'Check-off'

(B) To use notice board on the premises of the undertaking

(C) To appear on behalf of the union on domestic inquiry

(D) inspecting the undertaking

**30.** The criteria for recognition of trade union under the code of discipline are

(a) union claiming recognition should have been functioning for atleast one year after registration.

(b) the membership of a union should cover atleast 5% of the workers in that establishment.

(c) A union can claim recognition as representative union for an industry in a local area if it has 25% workers as members in that industry in that area.

(d) When a union is recognised there shall be no change in the position for 5 years.

(A) All the provisions are correct

(B) All the provisions are incorrect

(C) Only (a) and (c) are correct

(D) Only (d) and (b) are correct

**31.** Which of the following subjects is not enumerated in the 'concurrent list' of the Indian constitution ?

(A) Oil fields

(B) Trade Unions

(C) Factories

(D) Vocational and technical training of labour

**25.** औद्योगिक संबंध के त्रि-स्तरीय संस्थानिक संरचना (थ्री टियर इंस्टीट्यूशनल स्ट्रक्चर) की अवधारणा किसकी देन है ?

(A) जॉन टी डनलॉप

(B) एलेन फ्लैंडर्स

(C) कोचन, काट्ज तथा मैकिर्सी

(D) रॉय एडम

**26.** व्यवसाय संघ (ट्रेड यूनियन) के अर्थ को व्यक्त करने के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा वक्तव्य सही नहीं है ?

(A) यह मजदूरी कमानेवाले लोगों का सतत् संघ है जो उनकी कार्य-स्थितियों को ठीक रखने तथा बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास करता है ।

(B) यह एक या अन्य व्यवसायों में संलग्न व्यक्तियों की एक सोसाइटी है जो सदस्यों के आर्थिक हितों की रक्षा करने तथा आगे बढ़ाने की दिशा में प्रयास करती है ।

(C) यह कर्मकारों तथा कर्मकारों, कर्मकारों तथा नियोक्ताओं एवं नियोक्ता तथा नियोक्ता के बीच संबंध को विनियमित करने के उद्देश्य से गठित गठबंधन है ।

(D) यह स्थायी अथवा अस्थायी गठबंधन है जो मुख्यत: दो पक्षकारों के बीच के संबंध को विनियमित करने के लिए गठित किया जाता है ।

**27.** बॉम्बे मिलहैण्ड्स एसोसिएशन की स्थापना किसने की थी ?

(A) सोराबजी सप्रूजी बंगाली

(B) बाल गंगाधर तिलक

(C) एन.एम. लोखंडे

(D) वी.वी. गिरी

**28.** निम्नलिखित में से किस देश में औद्योगिक संघों के साथ मज़दूर संघ आंदोलन शुरू हुआ ?

(A) ग्रेट ब्रिटेन  (B) यू.एस.ए.

(C) भारत  (D) कनाडा

**29.** निम्नलिखित में से कौन सा, मान्यता प्राप्त संघ का अधिकार नहीं है ?

(A) 'चेक-आफ' का अधिकार

(B) प्रतिष्ठान के परिसर में नोटिस बोर्ड के उपयोग का अधिकार

(C) प्रतिष्ठानिक जाँच पड़ताल में संघ की ओर से हाजिर होने का अधिकार

(D) प्रतिष्ठान के निरीक्षण का अधिकार

**30.** अनुशासन संहिता (कोड ऑफ डिसीप्लीन) के तहत ट्रेड यूनियन को मान्यता प्रदान करने हेतु मानदण्ड हैं :

(a) मान्यता का दावा करने वाला संघ पंजीकृत होने के बाद कम से कम पिछले एक वर्ष से कार्यरत हो ।

(b) संबंधित प्रतिष्ठान के कामगारों में से कम-से-कम 5 प्रतिशत कर्मकार उसके दायरे में आते हों ।

(c) एक संघ एक स्थानीय क्षेत्र के उद्योग के लिए एक प्रतिनिधिक संघ के रूप में मान्यता का दावा पेश कर सकता है यदि उसमें उस क्षेत्र के उस उद्योग के 25% कर्मकार हों ।

(d) एक बार मान्यता-प्राप्ति के बाद, 5 वर्षों तक स्थिति में परिवर्तन नहीं होगा ।

(A) उपर्युक्त सभी सही हैं ।

(B) उपर्युक्त सभी गलत हैं ।

(C) केवल (a) तथा (c) सही हैं ।

(D) केवल (d) तथा (b)

**31.** भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में निम्नलिखित में से कौन सा विषय परिगणित नहीं है ?

(A) तेल-क्षेत्र

(B) ट्रेड यूनियन

(C) कारखाने

(D) श्रमिकों का व्यावसायिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण

**32.** Which of the following statements relating to the Employees' Compensation Act is not correct ?

(A) This Act has a link with the Workmen's Compensation Act

(B) This act is the outcome of the amendment that was made to the Workmen's Compensation Act

(C) This act does not have any provision relating to temporary disablement of workmen

(D) This act has a provision relating to permanent partial disablement

**33.** Under the Maternity Benefit Act, a woman employee would get a medical bonus of :

(A) ₹ 3000 (B) ₹ 3500

(C) ₹ 4000 (D) ₹ 4500

**34.** Which section of the Factories Act deals with appointment of Welfare Officers ?

(A) Section 45 (B) Section 49

(C) Section 51 (D) Section 55

**35.** The Maternity Benefit (Amendment) Act, 1988 provides for extension of the benefits to shops and commercial establishments employing a minimum of :

(A) 7 persons (B) 8 persons

(C) 10 persons (D) 20 persons

**36.** Which of the following is not considered to be a legal status for a registered union ?

(A) No power to acquire and hold both movable and immovable property

(B) Power to contract with other entities

(C) Perpetual succession and common seal

(D) A body corporate by the name under which it is registered

**37.** Under the Minimum Wages Act, which of the following can not be appointed by the appropriate government by notification under the official gazette for deciding claims arising out of payment of less than the minimum rates of wages ?

(A) Any commissioner for Workmen's compensation

(B) Any officers of the Central Government exercising functions as a Labour Commissioner for any region

(C) Any officer of the State Government not below the rank of Labour Commissioner

(D) Any officer not less than the rank of District Magistrate

**38.** Match the following according to the objectives of legislations :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | Minimum Wages Act | i. | to ensure that wages payable are disbursed within prescribed time limit |
| b. | Payment of Wages Act | ii. | to extend social justice by statutorily providing the remuneration legally due to an employed person |
| c. | Equal Remuneration Act | iii. | to allow employyees to legally share in the prosperity of the establishment contributed by capital, management and labour |
| d. | Payment of Bonus Act | iv. | to prevent discrimination in the matter of employment and remuneration |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | ii | iii | iv |

**32.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम के संदर्भ में सही नहीं है ?

(A) कर्मकार प्रतिकर अधिनियम से इसका संबंध है ।

(B) कर्मकार प्रतिकर अधिनियम में संशोधन के फलस्वरूप यह अधिनियम अस्तित्व में आया ।

(C) कर्मकारों की अस्थायी अक्षमता से संबंधित कोई प्रावधान इस अधिनियम में नहीं है ।

(D) इस अधिनियम में स्थायी आंशिक अक्षमता से संबंधित प्रावधान है ।

**33.** प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम के अधीन एक महिला कर्मचारी को कितने रुपयों का चिकित्सीय बोनस मिलेगा ?

(A) ₹ 3,000 (B) ₹ 3,500

(C) ₹ 4,000 (D) ₹ 4,500

**34.** कारखाना अधिनियम के किस सेक्शन (धारा) का संबंध कल्याण अधिकारियों की नियुक्ति से है ?

(A) धारा 45 (B) धारा 49

(C) धारा 51 (D) धारा 55

**35.** प्रसूति प्रसुविधा (संशोधन) अधिनियम, 1988 के अंतर्गत, प्रसूति प्रसुविधाओं को कितने न्यूनतम कर्मचारियों वाली दूकानों एवं प्रतिष्ठानों में लागू किए जाने का प्रावधान है ?

(A) 7 व्यक्तियों (B) 8 व्यक्तियों

(C) 10 व्यक्तियों (D) 20 व्यक्तियों

**36.** किसी पंजीकृत यूनियन के लिए निम्नलिखित में से किसे एक विधिक स्थिति नहीं माना जाता ?

(A) चल या अचल दोनों प्रकार की सम्पत्ति को अर्जित तथा धारण करने की शक्ति नहीं होना ।

(B) अन्य सत्ताओं के साथ अनुबंध की शक्ति

(C) चिरस्थायी अनुक्रमण तथा कॉमन सील

(D) जिस नाम से पंजीकरण हुआ है उसके अंतर्गत निगमित निकाय (बॉडी कार्पोरेट)

**37.** न्यूनतम मज़दूरी दर से कम मज़दूरी के भुगतान से संबंधित दावों पर निर्णय लेने के लिए, न्यूनतम मज़दूरी अधिनियम के अंतर्गत सरकारी राजपत्र में विज्ञप्ति देकर संबंधित सरकार द्वारा निम्नलिखित में से किसे नियुक्त नहीं किया जा सकता ?

(A) कर्मकारों के प्रतिकर के लिए कोई आयुक्त

(B) किसी क्षेत्र हेतु श्रम आयुक्त के कार्यों का निर्वहन करने वाला केंद्रीय सरकार का कोई पदाधिकारी

(C) राज्य सरकार का कोई अधिकारी जो श्रम आयुक्त से कम रैंक का न हो ।

(D) कोई अधिकारी जो जिला दण्डाधिकारी से कम रैंक का न हो ।

**38.** अधिनियमों के उद्देश्यों के अनुसार निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| a. न्यूनतम मज़दूरी अधिनियम | i. देय मज़दूरी का निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत भुगतान सुनिश्चित करना । |
| b. मज़दूरी संदाय अधिनियम | ii. कर्मचारी को कानूनी रूप से देय पारिश्रमिक देने का वैधानिक प्रावधान कर सामाजिक न्याय उपलब्ध कराना । |
| c. समान पारिश्रमिक अधिनियम | iii. पूँजी, प्रबंधन मण्डल तथा श्रम के योगदान से प्राप्त प्रतिष्ठान की समृद्धि में कर्मचारियों की वैधानिक साझेदारी की अनुमति |
| d. बोनस संदाय अधिनियम | iv. रोजगार तथा पारिश्रमिक के मामले में भेदभाव को रोकना । |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | ii | iii | iv |

**39.** Which of the following is 'true' as per the provisions of the Industrial Disputes Act ?

An employer need not issue any "Notice of Change" in respect of 4th Schedule of the Act.

(A) Where the change is affected in pursuance of any settlement.

(B) In respect of any matter specified in the schedule affecting workmen.

(C) In respect of conditions of service applicable to any workman.

(D) None of the above.

**40.** Which of the following amendments of Industrial Employment (standing order) Act provided for payment of subsistence allowance by the employer to a suspended employee pending enquiry against him ?

(A) Industrial Employment (standing order) Amendment Act, 1956

(B) Industrial Employment (standing order) Amendment Act, 1963

(C) Industrial Employment (standing order) Amendment Act, 1982

(D) Industrial Employment (standing order) Amendment Act, 1961

**41.** The 'New Lanark' experiment is associated with :

(A) Human Relations at workplace

(B) Networking Organisations

(C) Welfare Movement in Industries

(D) Behavioural Theory

**42.** Social security provided by a 'means test' is called :

(A) Social Insurance

(B) Mutual Insurance

(C) Social Assurance

(D) Social Assistance

**43.** Match the following Themes with the concepts of Labour Welfare :

| | **Themes** | | **Concepts of Labour Welfare** |
|---|---|---|---|
| a. | Labour Welfare is a desirable state of existence comprehending physical, mental, moral and emotional health or well-being. | i. | Relative concept |
| b. | In planning for welfare, the individual alone should not be taken into consideration. | ii. | Positive concept |
| c. | Welfare work differs over time and place. | iii. | Social concept |
| d. | Welfare connotes atleast minimum desirable conditions of existence biologically and socially determined. | iv. | Total concept |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | iii | i |
| (B) | iii | ii | i | iv |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | iv | iii | i | ii |

**44.** In which of the following approaches 'good will' is considered as an important goal of labour welfare work ?

(A) Placating Theory

(B) Public Relations Theory

(C) Fundamental Theory

(D) Philanthropic Theory

**39.** औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा 'सत्य' है ?
इस अधिनियम की चतुर्थ अनुसूची के संदर्भ में कोई नियोक्ता परिवर्तन विज्ञप्ति (नोटिस ऑफ चेंज) जारी नहीं करेगा :
(A) जहाँ किसी निपटारे के अनुसरण में परिवर्तन लागू होता है ।
(B) कर्मकारों को प्रभावित करने वाले अधिनियम में दिए गए मामलों के संदर्भ में
(C) किसी कर्मकार पर लागू होने वाली सेवा-शर्तों के संबंध में
(D) उपर्युक्त में से किसी में नहीं

**40.** औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) अधिनियम के किस संशोधन में जाँच पूरी होने तक निलम्बत कर्मचारी को निर्वाह भत्ता के भुगतान का प्रावधान है ?
(A) औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) संशोधन अधिनियम, 1956
(B) औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) संशोधन अधिनियम 1963
(C) औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) संशोधन अधिनियम 1982
(D) औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) संशोधन अधिनियम 1961

**41.** 'न्यू लानार्क' प्रयोग किससे संबंधित है ?
(A) कार्यस्थल पर मानव संबंध
(B) नेटवर्किंग संगठन
(C) उद्योगों में कल्याण आंदोलन
(D) व्यवहारात्मक सिद्धांत

**42.** 'मिन्स टेस्ट' द्वारा प्रदान की जाने वाली सामाजिक सुरक्षा को कहते हैं
(A) सामाजिक बीमा
(B) पारस्परिक बीमा
(C) सामाजिक आश्वासन
(D) सामाजिक सहायता

**43.** निम्नलिखित प्रतिपाद्य विषयों को श्रम कल्याण की संकल्पनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| **प्रतिपाद्य विषय** | **श्रम कल्याण की संकल्पनाएँ** |
|---|---|
| a. श्रम कल्याण अस्तित्व की एक वांछनीय अवस्था है जिसमें शारीरिक, मानसिक, नैतिक तथा संवेगात्मक स्वास्थ्य या कल्याण शामिल है । | i. सापेक्षिक संकल्पना |
| b. कल्याण की योजना बनाते समय केवल व्यष्टि को ध्यान में नहीं रखना चाहिए । | ii. सकारात्मक संकल्पना |
| c. कल्याण कार्य समय तथा स्थान के अनुसार बदलता है । | iii. सामाजिक संकल्पना |
| d. कल्याण से, अस्तित्व को बनाये रखने के लिए कम-से-कम न्यूनतम जैविक एवं सामाजिक स्थितियों का निर्धारण करना, व्यंजित होता है । | iv. समग्र संकल्पना |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | iii | i |
| (B) | iii | ii | i | iv |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | iv | iii | i | ii |

**44.** निम्नलिखित में से किस उपागम में 'सद् इच्छा' को श्रम कल्याण कार्य का एक महत्त्वपूर्ण लक्ष्य माना जाता है ?
(A) समझाने-बुझाने (प्लेकेटिंग) का सिद्धांत
(B) जन सम्पर्क सिद्धान्त
(C) मौलिक सिद्धान्त
(D) परोपकारी सिद्धान्त

**45.** For which of the following categories of workers, there is no provision for welfare fund ?

(A) The Beedi workers

(B) Workers working in Mica Mines

(C) Cine Workers

(D) Workers working in the Printing Industry

**46.** Under which segment of the Indian Constitution, the Labour Policy is designed ?

a. Preamble

b. Fundamental Rights

c. Directive Principles of State Policy

d. Fundamental Duties

(A) Only c

(B) a, b and c

(C) a and c

(D) a, b, c and d

**47.** The conversion of the 'nominal wages' into 'Real Wages' is done by which of the following indices ?

(A) Human Development Index

(B) Poverty Index

(C) Wholesale Price Index

(D) Consumer Price Index

**48.** Match the following Themes of Theories of Wages with their propagators :

| **Themes of Wages Theory** | **Propagator** |
|---|---|
| a. "Labour is the real measure of the exchangeable value of all commodities." | i. David Ricardo |
| b. "The natural price of labour is that price which is necessary to enable the labourers to subsist and per- petuate their race without either increase or diminution." | ii. Michel Kalecki |
| c. "Wages cannot rise unless either the wage fund increases or the number of workers decreases." | iii. Adam Smith |
| d. "Wages are a residual, the level of real wages depending on what was left of the total product after capitalistic class had its cut." | iv. J.S.Mill |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | iii | ii | iv | i |
| (C) | iii | i | iv | ii |
| (D) | iv | ii | iii | i |

**49.** Which of the following statements about wage differentials is not true ?

(A) Wage differentials can be attributed to imperfections in employment market.

(B) Social prejudices do not influence the wage differentials.

(C) Inter-industry wage differentials are bound to occur.

(D) Geographical wage differentials are a common phenomenon.

**50.** Which of the following formulae is used for determining Minimum wages ?

(A) Adarkar's Formula

(B) Rege Committee's Formula

(C) Dr. Aykroid's Formula

(D) Royal Commission on Labour's Formula

**45.** किस प्रकार के कर्मकारों के लिए कल्याण कोष का प्रावधान नहीं है ?

(A) बीड़ी बनाने वाले

(B) अभ्रक की खान में काम करने वाले

(C) सिनेमा कर्मकार

(D) मुद्रण उद्योग के कर्मकार

**46.** भारतीय संविधान के किस भाग में श्रम नीति अभिकल्पित की गई है ?

a. उद्देशिका

b. मौलिक अधिकार

c. राज्य नीति के निर्देशक तत्त्व

d. मौलिक कर्त्तव्य

(A) केवल c

(B) a, b तथा c

(C) a तथा c

(D) a, b, c तथा d

**47.** नकदी मज़दूरी (नॉमिनल वेजेज) को वास्तविक मज़दूरी (रीयल वेजेज) में बदलने के लिए निम्नलिखित में से किस इंडेक्स का उपयोग किया जाता है ?

(A) मानव विकास इंडेक्स

(B) गरीबी इंडेक्स

(C) थोक मूल्य इंडेक्स

(D) उपभोक्ता मूल्य इंडेक्स

**48.** निम्न मज़दूरी के प्रतिपाद्य सिद्धान्त तथा उनके प्रचारकों को सुमेलित कीजिए :

| **मज़दूरी के प्रतिपाद्य सिद्धान्त** | **प्रचारक** |
|---|---|
| a. श्रम प्रत्येक वस्तु के विनिमय योग्य मूल्य का सही माप है । | i. डेविड रिकार्डो |
| b. श्रम का प्राकृतिक मूल्य वह मूल्य है जो कर्मी के जीवन निर्वाह और उसकी अपनी प्रजाति के न बढ़ने और न घटने के लिए आवश्यक हो । | ii. माइकेल कालेकी |
| c. मज़दूरी तब तक नहीं बढ़ सकती जब तक या तो मज़दूरी फंड नहीं बढ़ता अथवा मज़दूरों की गिनती नहीं घटती । | iii. एडम स्मिथ |
| d. मज़दूरी अवशिष्ट है; वास्तविक मज़दूरी इस पर निर्भर करती है कि पूँजीवादी वर्ग द्वारा कुल उत्पाद में काट लगाने के उपरान्त क्या बचता है । | iv. जे.एस. मिल |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | iii | ii | iv | i |
| (C) | iii | i | iv | ii |
| (D) | iv | ii | iii | i |

**49.** मज़दूरी अंतर के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) रोज़गार बाज़ार में अपूर्णता मज़दूरी अंतर का कारण है ।

(B) सामाजिक पूर्वाग्रह मज़दूरी अंतर को प्रभावित नहीं करते ।

(C) अंतर-उद्योग मज़दूरी अंतर घटित होंगे ही ।

(D) भौगोलिक मज़दूरी अंतर एक सामान्य घटना है ।

**50.** निम्नलिखित में से कौन सा फार्मूला न्यूनतम मज़दूरी के निर्धारण में प्रयुक्त किया जाता है ?

(A) अडारकार का फार्मूला

(B) रेगी कमेटी का फार्मूला

(C) डॉ. आयकरोयड़ का फार्मूला

(D) रॉयल कमिशन ऑन लेबर का फार्मूला

**Space For Rough Work**